संक्षिप्त

कुरैशी अध्यक्ष निर्वाचित

उदयपुर, (कासं)। द ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ उदयपुर की वार्षिक सभा में शहर के फारूक कुरैशी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। महासचिव आनंद सिंह भाटी और कोषाध्यक्ष सुरेन्दर कुमार को बनाया गया। बैठक में ट्रेवल व्यापार संबंधी कई मुद्दों पर विचार किया गया। कोविड नियमों की सख्ती से पालना करने व स्टाफ को दोनो वैक्सीन लगवाने की योजना बनाई गई।

महंत पुरी के स्वागत में जन सैलाब उमड़ा

राजसमंद, (निसं)। अखिल भारतीय अखाडा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार केलवाडा पहुंचने पर महंत रविंद्र पुरी का स्वागत में जन सैलाब उमड पडा। अपरान्ह तीन बजे केलवाडा बस स्टेण्ड पहुंचे महंत के स्वागत में सैंकडों भक्तों की भीड लगी रही। भक्तों ने महंत का उपरणा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद भक्तों द्वारा महंत की शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई माहेश्वरी भवन पहुंची। जहां पर महंत रविंद पुरी ने स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बौद्धिक जीवन में जब हम किसी आध्यात्मिक सत्ता से जुडते है तो हमारे जीवन में आने वाली कठिनाईयों से बचा भी जाता है। इससे पहले वेरों का मठ और वरदडा के ग्रामीणों ने भी उनका सत्कार कर आशीर्वाद लिया।

युवक फंदे से लटका हुआ मिला

मंडफिया,(निसं)। पंचायत समिति भदेसर क्षेत्र के गांव आकोला गढ में एक युवक उसी के घर में फंदे से लटका हुआ मृत मिला। जानकारी के अनुसार आकोला गढ निवासी प्रहलाद उम्र 27 वर्ष पुत्र घासीदास वैरागी जोकि अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ मृत मिला जिस पर परिजनों ने मंडफिया थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर मृत युवक को फंदे से उतारकर मंडफिया चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया। प्रथम दृष्टया में युवक को मारकर फंदे पर लटकाया गया ऐसा प्रतीत हो रहा था। मृतक के भाई युधिस्टर वैष्णव ने बताया कि मेरे भाई प्रहलाद वैष्णव के एक 3 साल की पुत्री है और पिछले कई दिनों से उसकी पत्नी से अनबन चल रही थी। मृतक प्रहलाद की माता एवं भाई पास ही में अलग-अलग मकान रहते हैं। मंडफिया थाना पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

नन्हे बच्चे सीख रहे है कपास निकालना

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में कपास की फसल पककर तैयार हो चुकी है तथा गेहूं की फसल की बुवाई को लेकर किसान खेतों में बुवाई के कार्य में जुटे हुए है। वहीं इन दिनों किसानों के साथ ही नन्हें बच्चो भी कपास निकलने में लगे हुए है। इन बच्चों को दिन भर में कपास निकलने के लिए 10 से 20 रुपए दिए जाते है। जबकि कुछ बेरोजगार लोग 100 रुपए में एक गांठ कपास निकालते है। ऐसे में नन्हें बच्चे भी 10-20 रुपए के लालच में कपास निकालने में जुट गए है। जिससे कुछ पैसा इनकों भी मिल जाता है। बेरोजगारी के चलते ये नन्हें बालक भी अपने माता-पिता की कुछ आय बढाने में लगे है।

मंत्री मालवीया का स्वागत व अभिनंदन

बांसवाड़ा,(निसं)। गर्ग समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व जिलाधिकारी रणछोड गर्ग के नेतृत्व में केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया का मार्ल्यापण कर अभिनंदन किया। केबिनेट मंत्री मालवीया ने कहा कि प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रत्येक समाज का विकास आवश्यक है इसके लिए हर समाज का कार्य पूर्ण प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर रणछोड गर्ग कोहाला, आनन्दलाल गर्ग छींछ, बडोदिया से बापूलाल गर्ग व पंकज गर्ग और भंवरलाल गर्ग ठीकरिया ने मंत्री मालवीया का स्वागत किया।

स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन आज

उदयपुर, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच के जिलाध्यक्ष प्रेम ओबरावल ने बताया सोमवार दोपहर 3 बजे देवाली स्थित लायंस क्लब पर भाजपा की राष्ट्रीय नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय किरण माहेश्वरी की प्रथम पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की ओर से स्वरांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

देश सेवा के क्षेत्र में युवा आगे आये : कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत

उदयपुर के राजस्थान विद्यापीठ में एनसीसी के स्थापना दिवस पर प्रो. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

- युवाओं में अनुशासन जरूरी एनसीसी केडेट्स को मिलेगे रोजगार के ओर अधिक अवसर

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि की ओर रविवार को प्रतापनगर के प्रशासनिक भवन के सभागार एनसीसी के 73 वें स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि एनसीसी के स्टूडेंट्स बी और सी सर्टिफिक प्राप्त करने के साथ ही अब उच्च प्रशिक्षण के लिए अकादमिक क्रेडिट भी प्राप्त कर सकेगे, साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की रोजगार प्रोत्साहन योजनाओं में अतिरिक्त विशेष लाभ प्राप्त कर सकेगे। उन्होने कहा कि एनसीसी के माध्यम से ऐसे लाखों युवा देश में तैयार हो रहे है जो हमारी राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता , सांझी सांस्कृतिक विरासत और संवैधानिक मर्यादाओं के प्रति पूरी तरह निष्ठावान है।

युवाओं को एनसीसी का इतिहास बताते हुए कहा कि वर्तमान में 15 लाख एनसीसी केड्टस जो देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। एनसीसी सेना के साथ दूसरी पक्ति में खडे रहकर जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। उन्होने कहा कि आज के युवा पाश्चात्य संस्कृति में अपनी सांस्कृति सभ्यता को भूलते जा रहे है इसलिए जरूरत है युवाओं को अनुशासन की सीख देने की। देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेनिको की न होकर आमजन की भी है, युवा वर्ग इस क्षेत्र में आगे आये। इस अवसर पर एचआरएच ग्रूप के विरेन्द्र सिंह चम्पावत, ग्रूप कमांडर एनसीसी ग्रूप हेड क्वार्टर उदयपुर के कर्नल विनोद बांगरवा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बडी वर्दीधारी फोज है एनसीसी विंग, जिस पर हमें ही नही पूरे देश को इस पर नाज है। सफलता प्राप्त करने के लिए हमें पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ मेहनत करनी चाहिए साथ ही स्वयं के साथ साथ अपने आस पास की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना चाहिए और समाज में अपने आप को रॉल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। आयोजन सचिव डॉ. हिम्मत चुण्डावत ने बताया कि एनसीसी केड्ट्स द्वारा स्वच्छ भारत अभियान थीम के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली व आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से रेली का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. तरूण श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत सहित एनसीसी केडेट्स उपस्थित थे। इस अवसर पर एनसीसी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले केडेट्स का ग्रुप कमांडर कर्नल विनोद बांगरवा का अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का शैक्षिक सम्मेलन आज

कपासन,(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन आज से महाराणा प्रताप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में शुरू होगा।

जिला मंत्री प्रकाश चंद्र बक्षी ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका, वर्तमान परिपेक्ष में शिक्षक एवं विद्यार्थियों की शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों व शिक्षा मे नवाचार पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित करने सहित शिक्षक समस्याओं पर चिंतन होगा। दो दिवसीय सम्मेलन के प्रथम दिवस तीन सत्र होंगे जिसमे प्रथम सत्र प्रात: 10 बजे प्रारंभ होगा जिसमें जय देव पाठक व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह शिशोदिया जिला सचिव विद्याभारती होंगे। जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत ने बताया कि उद्घाटन सत्र दोहपर 12.15 प्रारंभ होंगा । इस सत्र में जिला कलेक्टर तारा चंद मीणा , कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर अथिति होगे। मुख्य वक्ता प्रदेश पर्यवेक्षक सुषमा विश्नोई होगी। प्रधान पंचायत समिति कपासन भेरू लाल चौधरी, आर एन टी ठ्राप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर वसीम खान आदि विशिष्ट अतिथि होगे । संगठन की उदयपुर संभाग की महिला संगठन मंत्री पवन शेखावत, प्रदेश के मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य गोपाल शर्मा, विभाग संगठन मंत्री डाक्टर हीरा लाल लुहार, जिला संरक्षक व मार्गदर्शक मंडल के सैयद मौजम अली,जानकी लाल जोशी शांति लाल जागेटिया सहित उपशाखा कपासन के संरक्षक मदन लाल चाष्टा, पेंशनर समाज के अध्यक्ष राम नारायण शर्मा आदि की भी सम्मेलन मौजूदगी रहेगी। उद्घाटन सत्र के तुरंत पश्चात शैक्षिक सत्र होगा। 30 नवम्बर2021को खुला सत्र का आयोजन प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होंगा। जिसके मुख्य वक्ता संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविंद व्यास होंगे। जिसमे जिले के शिक्षक अपनी समस्याएं रखगे व समस्याओं का संकलन कर प्रस्ताव तैयार सरकार को भिजवाया जायेगा । नगर पालिका अध्यक्ष कपासन मंजू देवी सोनी, नगरपालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाद अली अतिथि होगे। प्रदेश सचिव (माध्यमिक शिक्षा) रमेश चंद्र पुष्करना आदि के विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत करेंगे।

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि. जुड़ा युवा संसद के साथ

उदयपुर में होने वाले भारतीय युवा संसद के राष्ट्रीय अधिवेशन में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि भी सहयोगी रहेगा।

उदयपुर, (कासं)।मेवाड़ अंचल में आयोजित होने वाले भारतीय युवा संसद के राष्ट्रीय अधिवेशन में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर प्रमुख सहयोगी के रूप में जुड़ा है। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन एस राठौड़ ने बताया कि मुख्य समन्वयक प्रो. आई वी त्रिवेदी के आमंत्रण को संस्थान ने स्वीकारा हैं तथा यह आयोजन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु अत्यंत उपयोगी होगी। विद्यार्थियों व रिसर्चर के लिए यह आयोजन नीति निर्माताओं, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशकों के अतिरिक्त पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सीधा संवाद का जरिया होगा। मीडिया फाउण्डेशन की ओर से 'लोकतंत्र और संवाद' विषय पर आयोजित की जाने वाली इस भारतीय युवा में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि, गोविन्द गुरू जनजाति विवि भी अकादमिक सहयोगी के रूप में जुड़ा है।

युवा संसद के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के विभिन्न राज्यों के युवाओं, विश्वविद्यालयों के स्नातकों सहित राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी देश के नामचीन राजनेताओं, पत्रकारों, कुलपतियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। आयोजन में राजस्थान, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के अतिरिक्त नागालैंड के शिक्षामंत्री टेमजीन अमलांग, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महन्त, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, तिब्बत की निर्वासित संसद के अध्यक्ष सोनम टेम्फेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रताप सारंगी, भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद मुजीबुर्रहमान सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व का आगमन प्रस्तावित है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आज अपराहन अपनी निजी यात्रा के तहत महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां पर भारतीय जनता पार्टी देहात जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पवार सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर के सानिध्य में मावली विधायक धर्म नारायण जोशी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री शैलेंद्र चौहान शहर जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौर मनोज मेघवाल अनुसूचित जाति मोर्चा के शहर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण मोची भाजपा नेता तुषार मेहता राजसमंद से संगीता चौहान अशोक रांका श्याम सुंदर पालीवाल देबारी मंडल अध्यक्ष दूल्हेसिंह देवडा अरुण सांवरिया अनिल अग्रवाल ललित चौधरी पुष्कर मेघवाल संजय सांवरिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संस्कार मय जीवन संवर्द्धन समारोह का आयोजन

धरियावद,(निसं)। धरियावद के समन्तभद्र शिक्षण संस्थान में छात्र छात्राओं को संस्कार मय जीवन संवर्द्धन करने को लेकर समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि व पूर्व मंत्री दिनेश खोडनिया की अध्यक्षता एवं विधायक नगराज मीणा के मुख्य अतिथि थे।

कार्यक्रम में अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संहितासूरि शिरोमणि प्रतिष्ठाचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीयुत हंसमुख जैन का वर्षवर्धन दिवस मनाया गया। आयोजित समारोह में उन्होने कहा कि आज के युग के जीवन में शिक्षा का बहुत बडा महत्व है, जो बच्चें बाल्सवस्था में अच्छे संस्कार व शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य में उनके जीवन की मंजिल स्वत: ही उज्जवल भविष्य के कामना की और उतरोत्तर उन्नित के पद पर रहती है। ऐसी प्रतिभाए आगे चलकर परिवार, समाज व देश के प्रति अच्छी सौच रखने में अठाहणी होते हैं। वर्तमान समय के इस पाश्चात युग में बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार, खेल, धार्मिक भावना में भी रूची होनी चाहिए जिससे उसके जीवन के साथ शरीर का भी विकास हो सके। इसी दिशा में विगत वर्षो से राष्ट्रीय विधवानों, आचार्यो एवं धार्मिक संतो के मार्ग दर्शन में समन्तभद्र संस्थान द्वारा कई राज्यों से आए शिक्षा ठाहण करने बालक बालिकाओं को यहॉ अच्छे संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं जो राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित हो चुके हैं। विधायक नगराज मीणा एवं पूर्व मंत्री दिनेश खोडनिया ने कहा कि राजस्थान सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं लागु कर रखी है जिसकी बदोलत शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है।

शिक्षक संघ शेखावत का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज से

डूंगरपुर,(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सामुदायिक भवन, आदिवासी कॉलेज छात्रावास इंडस्ट्रीज एरिया डूंगरपुर में होगा।

संघर्ष समिति संयोजक दिनेश प्रजापति ने बताया कि शैक्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि विमल भगोरा प्रदेश सचिव आदिवासी जनाधिकारी एका मंच राजस्थान व जिलाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड की अध्यक्षता, प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराडी ,सभाध्यक्ष बाबूराम रोत के सानिध्य में 29 नवंबर सोमवार सुबह 11.15 बजे शुरू होगा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अर्जुन देथा समादवादी चिंतक होंगे। जो लोकतांत्रिक समाजवादी समाज के भविष्य की चुनौतियां और शिक्षकों की भूमिका पर अपना व्याख्यान देंगे। इसके अलावा सम्मेलन में सूरजमल मनात जिलाध्यक्ष राजस्थान कृषि पर्यवेक्षक संघ, अखिल भारतीय किसान सभा के बापूराम बरन्डा, भारत की जनवादी नौजवान सभा के गौतम डामोर, फाल्गुन बरन्डा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया डूंगरपुर अतिथि होंगे।

बिना भेदभाव के मानव सेवा का संस्कार सिखाती है भारतीय संस्कृति : जोशी

डूंगरपुर,(निसं)। मावली विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्म नारायण जोशी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की एकमात्र सबसे प्राचीन संस्कृति है जिसमें जाति पंथ, ऊंच-नीच, भेदभाव का कोई स्थान नहीं है और मानव जीवन में सर्वश्रेष्ठ संस्कारों का संवहन करने वाली भारतीय संस्कृति बिना किसी भेदभाव के मानव सेवा का संस्कार भी सिखाती है।

- शिविर में 72 रोगियों की हुई जांच, 53 रोगियों के हुए ऑपरेशन

वागदरी मे नि:शुल्क नैत्र चिकित्सा शिविर को विधायक धर्मनारायण जोश ने संबोधित किया।

मावली विधायक जोशी ने यह विचार रविवार को निकटवर्ती वागदारी गांव स्थित आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में आयोजित विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। स्वर्गीये केशर देवी पत्नी शांतिलाल जैन की स्मृति में आयोजित इस नेत्र चिकित्सा शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी राजेश जैन पटवारी ने की जबकि उदयपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विजय प्रकाश विप्लवी, विशाल वैष्णव समाजसेवी उदयपुर एवं लोधावरा विशिष्ट अतिथि थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक धर्मनारायण जोशी ने कहा कि जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ सेवा का भाव भारतीय संस्कृति की अनुपम सौगात है जो सदियों से हमें मानव सेवा के लिए प्रेरित करती रही है और करती रहेगी। उन्होंने जागरण जनसेवा मण्डल के संस्थापक मूलचंद लोढा को सेवा मनीषी निरूपित करते हुए कहा कि श्री लोढा ने वनवासी अंचल में मानव सेवा का व्रत लेकर वर्षों से सेवा की अलख जगाई और सेवा के उच्च आदर्श स्थापित किए हैं। यहां संचालित हो रहे शिक्षा, चिकित्सा, संस्कार सहित विभिन्न सेवा प्रकल्प पीडित मानव सेवा के अनुपम उदाहरण है। जागरण जनसेवा मण्डल वागदरी सेवा-संस्कार का प्रमुख केन्द्र है और वास्तव में यह सेवा का तीर्थ है। जहाँ सेवा रूपी यज्ञ में आहुति देना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा यज्ञ में अपनी आहुति देनी चाहिए। आरंभ में जागरण जनसेवा मण्डल के संस्थापक सचिव मूलचंद लोढा ने अतिथियों का स्वागत किया। मण्डल के उपाध्यक्ष डॉ दलजीत यादव ने मण्डल द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों की जानकारी प्रदान की। शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय एवं जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 72 नेत्र रोगियों की जाँच की गई।

सार-समाचार

जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन

उदयपुर, (कासं)। शिक्षा विभाग द्वारा समस्त राजस्थान में दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन 29-30 नवंबर को शिविरा कैलेंडर दिनांक नियत की गई है। इसी क्रम में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवर्धन विलास उदयपुर में आयोजित होगा जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन प्रदेश मीडिया प्रभारी एकीकृत राव गोपाल सिंह आसोलिया के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य बदन सिंह मीणा ,मार्गदर्शक शांतिलाल चौबीसा, प्राध्यापक भूपेंद्र मेघवाल, टीना रोत ,अंजू चौधरी , प्रदीप कुमार ,कुरा लाल पटेल ,कालूराम मीणा आदि उपस्थित रहे ब्लॉक अध्यक्ष भारत भूषण जोशी ने बताया कि सम्मेलन में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं 2 दिन के अधिवेशन के पश्चात सार रूप में सरकार को प्रस्ताव बनाकर प्रेषित किया जाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी आसोंलिया ने बताया कि समस्त जिलों से भी शिक्षा विभाग से संबंधित वर्तमान ज्वलंत मुद्दे जिनमें नीतिगत स्थानांतरण करने एवं राजस्थान के पचास हजार से अधिक प्राध्यापकों की चयनित वेतनमान विसंगति को दूर करने आदि समस्याओं के प्रस्ताव राज्य स्तर पर लंबित हैं तथा शीघ्र ही सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा वही राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार करने का शिक्षकों से आ ान किया गया था उस क्रम में राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के सामने शिक्षक पॉजिटिव रूप में प्रसारित करेंगे तथा सरकार का पूरा सहयोग करेंगे।

पहला होम्योपैथी फेस्टिवल आयोजित

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय उदयपुर के संघटक इकाई राजस्थान विद्यापीठ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उदयपुर एवं प्रमोट होम्यो फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय भारत का पहला होम्योपैथी फेस्टिवल उदयपुर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल ने बताया कि यह अनूठे फेस्टिवल में होम्योपैथी चिकित्सा संबंधी जानकारी बहुत लाभदायक हैं। ऐसे आयोजन चिकित्सा की मूलजड़ है। अध्यक्षता कर रहे कर्नल प्रो. एस एस सारंगदेवोत कुलपति जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम निश्चित रूप से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति आमजन तक पहुँचाने में मिल का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर प्रियंका जोधावत आर ए एस ने बताया कि होम्योपैथी से जुड़े मुद्दों पर टॉक शो एवं फेस्टिवल पर आधारित यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठी मिसाल हैं। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में चेतना भाटी आरपीएस, दलपत सिंह राठौड़, वित्त नियंत्रक, सुविवि, भीम सिंह चुंडावत उपस्थित थे। कार्यक्रम में होम्योपैथी से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा 20 से ज्यादा विषयों पर टॉक शो अयोजित किए गए। कार्यऋम में सम्पूर्ण भारत से सौ से ज्यादा डॉक्टर एवं 200 से ज्यादा स्टूडेंस एवं 30 से ज्यादा फार्मा कंपनी ने भाग लिया। कार्यक्रम को पर्यावरण आधारित थीम पर डिजाइन किया गया था। इस अवसर पर डॉ अमिया गोस्वामी, डॉ राजन सूद, डॉ बबिता रशीद, डॉ नरेन पटवा, डॉ प्रियंका कोठारी, डॉ नवीन विश्नोई सहित होम्योपैथी से संबंधी चिकित्सक मौजूद रहे।

शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

उदयपुर, (कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का दल रविवार को शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना हुआ। कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह ने शैक्षणिक भ्रमण द्वारा अर्जित आनुभविक ज्ञान का विद्यार्थियों के विकास हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए विभाग को भविष्य में सुदूर अन्य राज्यों का भी भ्रमण आयोजित करने हेतु प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सीमा जालान ने बताया कि भूगोल विभाग के तीस से अधिक स्नातकोत्तर एवं पी एच डी पाठ्यऋम के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को 28 से 30 नवंबर तक चित्तौडगढ, बूंदी, सवाई माधोपुर एवं भीलवाडा में भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं पारिस्थितिक महत्व के स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। प्रमुख रूप से मैनाल जलप्रपात, बूंदी दुर्ग, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य, राष्ट्रीय चंबल मगर अभ्यारण्य, एवं भीलवाडा डेयरी उद्योग का भ्रमण विद्यार्थियों को प्रादेशिक अपरदनात्मक स्थलाकृति, चंबल की विच्छेदित घाटियों की बनावट, राष्ट्रीय अभयारण्य की संरचना एवं प्रबंधन, डेयरी उद्योग के स्थानीकरण के कारक इत्यादि को समझने हेतु महत्वपूर्ण होगा। विभाग के संकाय सदस्य डॉ देवेंद्र सिंह चौहान, डॉ भंवर विश्वेंद्र राज सिंह, डॉ विजय सिंह मीना भ्रमण दल के साथ जा रहे हैं।

महात्मा फूले को श्रद्धा से याद किया

बांसवाड़ा,(निसं)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन की बैठक हमीरपुरा बडा बडोदिया में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सुभाष आजाद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महान समाज सुधारक ज्योतिबा गोविंद राव फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष सुभाष आजाद ने महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के आदर्शों को आत्मसात् करने का आ ान किया। सज्जनगढ तहसील अध्यक्ष राहुल डिण्डोर ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कैलाश डामोर, नरेश पटेल, शांतिलाल डामोर, सुरेश पारगी, राहुल पारगी, सुनिल, रमेश कटारा, मुकेश पटेल, प्रवीण पारगी, गणेश डामोर, कैलाश डामोर, अल्पेश गणावा, मगनलाल, शरद डामोर, नरेंद्र पटेल, हरदीप, नरेश यादव, दिलीप सिंघाडा, हंसमुख यादव, संदेश गरासिया, चिमनलाल तबियार, अरुण भूरिया, महेंद्र डामोर, कैलाश, चिराग सिंघाडा आदि ने महात्मा फुले की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन सुरेश डामोर ने किया जबकि आभार अनिल डामोर ने माना।

जोशी का चयन होने पर सम्मान

डूंगरपुर,(निसं)। त्रिवेदी मेवाडा ब्राहमण समाज के आकाश जोशी का आरएएस मे चयन होने पर त्रिवेदी मेवाडा ब्राहमण समाज के अध्यक्ष प्रियकांत पंड्या के सानिध्य में माला साफा एवं शाल ओढाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि प्रयास करने पर ही सफलता मिलती है तथा समाज के लिए मैं हरदम तैयार रहूंगा। इस अवसर पर त्रिवेदी मेवाडा समाज के अध्यक्ष प्रियकांत पंड्या ने त्रिवेदी मेवाडा छात्रावास के बारे में जानकारी दें एवं इस अवसर पर कार्य एवं अन्य जो भी प्रगति और सम्मानित पद पर त्रिवेदी मेवाड के छात्र-छात्राएं एवं प्रतियोगिता परीक्षा में चयन होने पर उनका समाज द्वारा आगामी दिनों में सम्मानित किया जाएगा।

आएएफ बटालियन का फ्लैग मार्च

डूंगरपुर,(निसं)।जिलेभर के थाना क्षेत्रो मे आमजन मे कानून व्यवस्था मे विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से आएएफ 100वीं बटालियन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो मे फ्लैग मार्च कर जनता मे विश्वास कायम किया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को जिले के गांव ओबरी, चितरी व कुआं मे फ्लैग मार्च किया गया। 100वीं बटालियन दु त कार्यबल के कमाण्डेन्ट गोविंद प्रसाद उनियाल के निर्देशन मे वस्त्राल अहमदाबाद की एक प्लाटून सहा. कमाण्डेन्ट ब्रजेन्द्र सिंह रोलानिया के नेतृत्व मे 24 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलने वाले इस परिचित अभ्यास मे जिले के विभिन्न पुलिस थानो का दौरा किया गया। जोकि इस बटालियन का नियमित अभ्यास है।